# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## सोमवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 (27 अग्रहायण, शक संवत् 1945)

**विधान सभा पूर्वाह्न 11:09 बजे समवेत हुई.**

**सामयिक अध्यक्ष महोदय (श्री गोपाल भार्गव) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

### 2. सोलहवीं विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों का स्वागत तथा मौन धारण

सोलहवीं मध्यप्रदेश विधान सभा की प्रथम बैठक के पावन अवसर पर सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा ये विचार व्यक्त किये गये :-

"आज हम एक महत्वपूर्ण एवं पुनीत अवसर पर एकत्रित हुए हैं. सर्वप्रथम मैं, सोलहवीं विधान सभा के लिये निर्वाचित सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करता हूँ. संविधान के अन्तर्गत यह नई विधान सभा निर्वाचित और गठित हुई है, जिसके ऊपर प्रदेश के विकास और जनता के कल्याण तथा विकास का गुरूत्तर दायित्व है. यह उपयुक्त होगा कि अपनी कार्यवाही आरंभ करने से पहले हम सब, जैसी कि ऐसे अवसर पर परंपरा रही है, खड़े होकर एक मिनिट का मौन रखेंगे".

(माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनिट के लिए मौन रखा गया.)

### 3. सोलहवीं विधान सभा के लिये निर्वाचित सदस्यों की सूची पटल पर रखी जाना

सामयिक अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार, श्री अवधेश प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव, विधान सभा ने विधान सभा निर्वाचन, 2023 उपरान्त नवीन विधान सभा के गठन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेषित की गई अधिसूचना क्रमांक 308/म.प्र.वि.स./2023 दिनांक 4 दिसम्बर, 2023 जिसमें आम चुनाव में सोलहवीं मध्यप्रदेश विधान सभा के लिये निर्वाचित सदस्यों की सूची दी गई है, सभा के पटल पर रखी.

### 4. मुख्य प्रतिपक्षी दल तथा नेता प्रतिपक्ष की घोषणा एवं बधाई

सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा यह घोषणा की गई कि – "सोलहवीं मध्यप्रदेश विधान सभा के गठन के पश्चात् विधान सभा के अंदर मुख्य प्रतिपक्षी दल इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यों की संख्या सबसे अधिक तथा गणपूर्ति के लिए आवश्यक संख्या से अधिक है, इसलिए मैं, इंडियन नेशनल कांग्रेस को सदन का मुख्य प्रतिपक्षी दल और उसके नेता श्री उमंग सिंघार, सदस्य विधान सभा को प्रतिपक्ष का नेता घोषित करता हूँ".

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री एवं सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से श्री उमंग सिंघार, सदस्य को नेता प्रतिपक्ष बनने पर शुभकामनाएं और बधाई दी गईं.

श्री उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, सामयिक अध्यक्ष महोदय एवं समस्त नवनिर्वाचित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सदन को यह विश्वास दिलाया कि विपक्ष जनता की सार्थक आवाज के रूप में रहेगा.

## 5. सभापति तालिका की घोषणा

सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 9 के उपनियम (1) के अधीन, निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम निर्दिष्ट किया गया :-

(1) श्री अजय विश्नोई
(2) श्रीमती अर्चना चिटनीस
(3) डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय
(4) डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह
(5) श्री लखन घनघोरिया
(6) श्रीमती झूमा डॉ. ध्यान सिंह सोलंकी

यह सभापति तालिका शपथ / प्रतिज्ञान ग्रहण करने के पश्चात् प्रभावशील होगी.

## 6. शपथ / प्रतिज्ञान

सामयिक अध्यक्ष महोदय ने यह घोषणा की कि – “अब, सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्रिपरिषद् के सदस्यगण, वरिष्ठ सदस्यगण एवं सभापति तालिका के सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे. इसके पश्चात् शेष माननीय सदस्य का नाम पुकारे जाने पर निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक के अनुसार मेरे सामने आकर शपथ ग्रहण करेंगे अथवा प्रतिज्ञान करेंगे और प्रमुख सचिव की टेबल पर रखी सदस्य की नामावली पर अपने हस्ताक्षर करेंगे. जो सदस्यगण निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक अनुसार शपथ नहीं ले सकेंगे या प्रतिज्ञान नहीं कर सकेंगे, वे अन्त में पुन: पुकारे जाने पर शपथ या प्रतिज्ञान कर सकेंगे."

**(अपरान्ह 1.32 बजे से 3.31 बजे तक अन्तराल)**

**सामयिक अध्यक्ष महोदय (श्री गोपाल भार्गव) पीठासीन हुए.**

तदनुसार, आज दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को कुल 207 माननीय सदस्यगण (मंत्रीगण एवं सभापति तालिका के लिये नियुक्त सदस्यगण सहित) द्वारा शपथ ग्रहण / प्रतिज्ञान किया गया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये.

अपराह्न 4.38 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 (28 अग्रहायण, शक संवत् 1945) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**अवधेश प्रताप सिंह,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 18 दिसम्बर, 2023**